जयंती

संत शिरोमणि सतगुरु रविदास की 649वीं जयंती पर विविध आयोजन

विशाल शोभायात्रा में आकर्षण का केन्द्र रहीं झांकियां

नवभारत,जबलपुर। संत शिरोमणि सतगुरु रविदास की 649वीं जयंती पूरे भारतवर्ष में हर्ष उल्लास से मनाई गई। रविदास समाज ने विशाल शोभायात्रा दोपहर 12 बजे से दमोहनाका से शुरू होकर 1 बजे डॉ. अम्बेडकर चौक पहुंची। जहां पर माल्यार्पण कर शोभायात्रा विभिन्न क्षेत्रों से होकर ग्वारीघाट पहुंची। शोभायात्रा में रविदास समाज की 30 झांकियों के साथ विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 270 अन्य झांकियां भी आकर्षण का केन्द्र रहीं, जिसमें वर्तमान समाजिक परिदृष्य से देशभक्ति के स्वरूप सम्मिलित हुईं। शोभा यात्रा में एड. बालकिशन चौधरी, राजेन्द्र चौधरी, एड. गोपी चौधरी, रामनाथ, एड. सूरज चौधरी, विवेक सतनामी, एड. नवीन रैदास, रोशन चौधरी, संजय अहिरवार, कार्तिक चौधरी, मनोज मासाहब, राहुल, धर्मेन्द्र, अशोक चौधरी, गोपाल चौधरी, नीरज चौधरी, अंकुश चौधरी, राकेश चौधरी, शिवपाल, करण, ललिति, दुर्गेश, सतीश, बंटी, मंजू, कंचन, साहिल समेत अन्य सामाजिक लोग उपस्थित थे।

गुरु रविदास जयंती पर भाजपा कार्यालय में हुई पुष्पांजलि

संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 649वीं जन्म जयंती के अवसर पर भाजपा कार्यालय रानीताल में उनके तैल्य चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई, साथ ही गौरीघाट तक निकलने वाली शोभायात्रा का स्वागत भाजपा जबलपुर महानगर द्वारा बादशाह हलवाई के पास मंच लगाकर किया गया। इस अवसर पर राममूर्ति मिश्रा, महामंत्री रंजीत पटेल, प्रणीत वर्मा, कौशल सूरी, अशोक रोहितास, रीना राय, मालती चौधरी, शिवा चौधरी, संतोष झरिया, प्रमोद चाहतेल, भगवानदीन चौधरी, राजेंद्र सूर्यवंशी, आकाश मालिक, रविंद्र झरिया, मंजीत मेहता, नरेश चौधरी, आकाश गोस्वामी राजदीप सिंह, रमाकांत मिश्रा, डंपू गुप्ता आदि उपस्थित थे।

धूमधाम से मनाई गई रविदास महाराज की जयंती

श्री कुरील समाज सेवा समिति सदर द्वारा संत शिरोमणि श्री रविदास महाराज की 649 वीं जयंती का आयोजन धूमधाम से किया गया। संत शोभा यात्रा सदर बाजार की प्रमुख गलियों से निकाली गई । चल समारोह में सात देवियां ,अघोरी नृत्य राधाकृष्ण की आकर्षक झांकियां भी शामिल हुईं। संध्या में मंचीय कार्यक्रम में आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इस दौरान समाज के 50 प्रतिभावान छात्र छात्रा भों का को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए पुरस्कृत किया गया । समारोह विधायक अशोक रोहाणी , अध्यक्ष विजय आनंद कुरील, शारदा कुरील, अजय कुरील, दिलीप मोहनलाल कुरील, ओम प्रकाश कुरील ,विश्वजीत कुरील ,शीला कुरील ,रजनी कुरील सहित अन्य उपस्थित रहे।

'ओम' वांगमय का सार है : मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज

नवभारत,जबलपुर। 'ओम' वांगमय का सार है, अ, उ और म मिलने से ओम बनता है, 'सिद्ध चक्र की आराधनाकोई साधारण आराधना नहीं,यह हमारे आत्मोत्कर्ष का आधार हैं' । उपरोक्त उदगार मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज ने श्री सिद्धचक्र विधान के दूसरे दिवस प्रात:कालीन धर्म सभा में व्यक्त किये । इस दौरान

मुनि श्री ने ये भी कहा कि आप यहां मंडल की आराधना कर रहे हैं,यह मंडल कोई दैवी शक्ति मात्र नहीं है,यह विशुद्धतया आध्यात्मिक आराधना है, इस मंडल में जो संरचनाएं हैं, वह सब एक साधारण प्राणी को सिद्धि तक पहुंचाने का मार्ग है। इसमें गहन अध्यात्म छिपा हुआ है। मुनि श्री ने कहा कि सिद्ध चक्र की आराधना तो सब करते हैं, हमने भी आज रात्रि में सिद्ध चक्र महामंडल का पूरा ध्यान किया,उसके एक एक मंत्र और अक्षर पर गंभीरता से विचार किया, जब गहरे डूबा तो मुझे लगता है कि अभी और गहराई में जाने की आवश्यकता है। इस संबंध में प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी एवं सुवोध कामरेड ने बताया मुनि श्री ने अंत में भावनायोग के माध्यम से पंचपरमेष्ठी का ध्यान कराया। प्रात:काल 6:30 बजे से भगवान का अभिषेक एवं शांतिमंत्रों के साथ शांतीधारा मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज के मुखारविंद से संपन्न हुई। दौपहर में 2:45 से शंकासमाधान का कार्यक्रम संपन्न हुआ। एवं सांयकाल अग्रवाल कालोनी में नूतन जिनालय का शिलान्यास कार्यक्रम संपन्न हुआ एवं संध्याकाल में आचार्य भक्ति के बाद मंडल आरती संपन्न हुई।

एक नजर में

जरूरतमंद बच्चों को दिया गया रोजमर्रा का सामान

नवभारत,जबलपुर। शासकीय श्रवण बाधित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बी आर अग्रवाल फाउंडेशन और रेड क्रॉस सोसायटी के तत्वाधान में डॉ. प्रीति पाठक (मिश्रा) द्वारा ध्वजारोहण कर गरीब जरूरतमंद बच्चों को लोवर टी शर्ट, और रोजमर्रा की जरूरत के समान दिया गया और साथ ही ग्राम पंचायत बिलखरबा में स्वस्थ संबंधित समान ब्लड प्रेशर मशीन शुगर मशीन और वजन मशीन भेंट की गई। इस मौके पर डॉ. प्रीति पाठक द्वारा कहा गया कि भविष्य में अगर कोई जरूरत पड़ेगी तो मैं इन बच्चों की हर संभव मदद करने के लिये तत्पर रहूंगी। इस मौके पर प्राचार्य शिव कुमार कपूर, प्रतीक मिश्रा, वैष्णवी मिश्रा, देवश्री पाठक, विवेक पाठक, शैली पाठक, दिनेश कोरी सहित अन्य उपस्थित रहे।

हितकारिणी गोविंदगंज स्कूल में दी गई विद्यार्थियों को बिदाई

नवभारत,जबलपुर। हितकारिणी गोविंदगंज विद्यालय में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। अनुश्री पटेरिया सदस्य हितकारिणी सभा द्वारा मां सरस्वती की पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा 12वीं के विद्यार्थियों को तिलक व बैच लगाकर स्वागत किया गया एवं रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम के अंत में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को स्मृति स्वरूप उपहार भेंट किए गए। कार्यक्रम में हितकारिणी विद्या परिषद के संयोजक नरेश तिवारी जी एवं सहसंयोजक राजीव श्रीवास्तव जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सुचारू रूप से संचालन में प्राचार्य श्रीमती ज्योत्सना दीक्षित, उपप्राचार्य श्रीमती सारिका मिश्रा, वरिष्ठ शिक्षक राजेंद्र तिवारी जी एवं अन्य शिक्षकों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं का हुआ सम्मान

नवभारत,जबलपुर। पश्चिम मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, जबलपुर मंडल के तत्वावधान में सतपुड़ा क्लब, जबलपुर में एक गरिमामय समारोह का आयोजन कर चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता वर्ष 2025 के विजेताओं को सम्मानित किया गया। यह पश्चिम मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन, जबलपुर के निर्देशानुसार जबलपुर मंडल के अंतर्गत जबलपुर एवं कटनी में कार्यरत अराजपत्रित रेल कर्मचारियों के बच्चों के लिए आयोजित की गई थी। चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ था जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का परिणाम 26 सितंबर को घोषित किया गया। प्रतियोगिताओं को तीन-तीन आयु वर्ग (ग्रुप) में विभाजित किया गया था तथा प्रत्येक वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के साथ-साथ दो सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए।



रांझी में संपन्न हुई श्रीमद्भागवत कथा

नवभारत,जबलपुर। रांझी भूमियाना बस्ती मे श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया। कथावाचक सोनाली मिश्रा ने सुदामा चरित्र कथा के साथ समापन किया। सोमवार को भंडारा एवं हवन का आयोजन भी आयोजित है। कार्यक्रम के अंतिम कथा पर विधायक अशोक रोहणी ने उपस्थित होकर आशीर्वाद लिया।

रैली के माध्यम से ऑर्थराइटिस जागरूकता का दिया संदेश

नवभारत,जबलपुर। डॉ अमित जैन के नेतृत्व में रविवार सुबह 7:30 बजे वॉकाथॉन 6.0 का आयोजन बोन और जॉइंट वेलनेस क्लीनिक से शुरू किया गया। ये रैली गोल बाजार का एक राउंड लगाकर वापस क्लीनिक पहुंची जहां इसका समापन किया गया। वॉकाथॉन 6.0 रैली में लगभग 500 पोस्ट जोइंट रिप्लेसमेंट मरीज के साथ हजारों लोग शामिल हुए।

शामिल हुए लोगों ने संदेशों के जरिए आर्थराइटिस के लिए जागरूक किया । इस रैली से यह भी संदेश दिया गया कि कोई भी इस बीमारी से घबराए नहीं, डरें नहीं और दर्द मुक्त जीवन जिएं। डॉ. अमित जैन द्वारा रैली में शामिल घुटने एवं कूल्हे के ऑपरेशन कराने वाले लगभग 500 मरीजों को टी-शर्ट, मैडल, प्रमाण पत्र और उपहार देकर सम्मानित भी किया गया।

23500 से अधिक मरीजों की हो चुकी है सफल सर्जरी

विदित हो कि हो डॉ. अमित जैन (कोटवाले) वरिष्ठ जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन अब तक 23,500 से भी अधिक मरीजों की सफल जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी कर चुके हैं और अपने क्लिनिक बोन एंड जॉइंट वेलनेस क्लिनिक, जो कि, गोल बाजार में ओमेगा चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल के बगल में स्थित है, वहाँ से यूपी, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड से भी आए मरीजों को स्वास्थ्य लाभ एवं उच्च गुणवत्ता युक्त सफल उपचार दे रहे हैं। इस कार्यक्रम में डॉ. अमित जय कुमार जैन कोटवाले (डायरेक्टर ऑफ बोन और जॉइंट वेलनेस क्लिनिक), डॉ. चाँदनी, डॉ. अजय भंडारी और श्रीमती भंडारी, राधे लाल गुप्ता, रवींद्र वाजपेयी, ठाकुर शैलेन्द्र सिंह,, सचिन जैन (लालू भैया), शिलांग नेत्रहीन / दृष्टिबाधित छात्राएं एवं शहर के लगभग 500 मरीज और अन्य गणमान्य नागरिक, बोन एंड जॉइंट वेल्नेस क्लीनिक का स्टाफ उपस्थित रहा जिन्होंने मिलकर समाज को आर्थराइटिस जागरूकता का संदेश दिया।

नवीन जिनालय के शिलान्यास का कार्यक्रम आयोजित

नवभारत,जबलपुर। परम पूज्य संत शिरोमणि 108 विद्यासागर जी महामुनिराज के आशीर्वाद एवं मुनि पुंगव श्री 108 सुधा सागर जी मुनिराज की प्रेरणा से रविवार को अग्रवाल कॉलोनी जबलपुर में नवीन जिनालय के शिलान्यास का भव्य कार्यक्रम भावना योग प्रणेता मुनि श्री 108 प्रमाण सागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में सम्पन्न हुआ। जिसमे सम्पूर्ण संस्कारधानी जैन समाज ने बढ़ चढ़ कर धर्म लाभ लिया । ढेरो परिवारों ने नवीन जिनालय की नींव में शिलान्यास शिला मंत्रोचार के साथ विराजमान कर ऐतिहासिक हासिक कार्य किया। कार्यक्रम का संचालन अमित जैन शास्त्री ने एवम सुरों से कार्यक्रम प्रशांत जैन रानू ने सजाया। इस अवसर पर जैन मिलन समिति के अध्यक्ष माननीय राजेश जैन एवम पूरी समिति ने बहुत सुंदर व्यवस्था के साथ कार्यक्रम को सम्पन्न कराया ।

आज मनाया जाएगा मांग दिवस

जबलपुर, नवभारत। पश्चिम-मध्य रेलवे के लगभग 58 हजार कर्मचारी आज दो फरवरी को मांग दिवस मनाएंगे। एनआईआरएफ के राष्ट्रीय फैसले के बाद देशभर में मांग दिवस मनाया जा रहा है। इसी क्रम में वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन (डबलूसीआरईयू) ने तीनों मंडलों जबलपुर, कोटा व भोपाल में इसकी तैयारी तेज कर दी है। बताया गया कि रेल कर्मचारियों की 8वें वेतमान लागू करने सहित 18 मांगें पूरी नहीं हुई हैं। इसी कड़ी में तीनों मंडलों के डीआरएम दफ्तर पर वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन की ओर से सोमवार सुबह 10 बजे धरना दिया जाएगा। इस संबंध में डबलूसीआरईयू के महामंत्री का मुकेश गालव ने बताया कि देशभर में 2 फरवरी को धरने प्रदर्शन होंगे। इन मांगों से देशभर में 12.5 लाख रेल कर्मचारी भाग लेंगे श्री गालव ने बताया कि रेल कर्मचारियों की ओर से 1 जनवरी 2026 से आठवां वेतमान लागू करें। कैडर रिस्ट्रक्चरिंग के आदेश जारी हों। पेंशन योजनाओं में ओपीएस लागू हो। बोनस भुगतान की आकलन सीमा 7 हजार रुपए प्रति माह हटाएं। रनिंग स्टाफ के किलोमीटर भत्ते की दर में 25 प्रतिशत बढ़ोतरी करें तथा इसे 70 प्रतिशत आयकर से मुक्त करें। ट्रैक मेंटेनर की पेट्रोलिंग 12 किमी तक सीमित करने समेत अन्य मांगें की जा रही हैं।

8 दिवसीय समयसार महामंडल विधान का शुभारंभ

'धर्मातयन' मंदिर की प्रथम वर्षगाँठ पर निकली शोभायात्रा

नवभारत,जबलपुर। श्री महावीर स्वामी मार्ग, गोलबाजार स्थित श्री महावीर स्वामी दिगम्बर जिन मंदिर 'धर्मातयन' की प्रथम वर्षगाँठ के पावन अवसर पर रविवार को मंगल विधान का शुभारंभ भव्य शोभायात्रा के साथ किया गया । श्रद्धा, भक्ति और धर्ममय वातावरण के बीच निकली इस शोभायात्रा ने पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक ऊर्जा से अभिभूत कर दिया। जानकारी के अनुसार मंदिर की प्रथम वर्षगाँठ पर 1 फरवरी से 8 फरवरी 2026 तक श्री समयसार महामंडल विधान का भव्य आयोजन किया जा रहा है। रविवार को जिनमंदिर में इस अवसर पर पंडित राजेंद्र जैन, मंडल अध्यक्ष अशोक जैन व् पयालवाला परिवार द्वारा मंगल मंत्रो के साथ जिनशासन का ध्वजारोहण किया गया और मंगलविधान का विधिवत शुभारंभ किया । यह आयोजन 8 दिवसीय अनुष्ठान जैन दर्शन, आत्मकल्याण एवं आध्यात्मिक साधना की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

देश के विभिन्न प्रांतों के धर्मावलंबी रहेंगे मौजूद

जैन युवा फेडरेशन के धर्मप्रचारक नितिन जैन ने बताया कि यह महामंडल विधान श्रद्धा, भक्ति और आत्मचिंतन का दुर्लभ संगम होगा,रविवार से शुरू हुए इस धार्मिक अनुष्ठान में नगर के साथ-साथ देश के विभिन्न प्रांतों से संस्कारधानी पधारे बड़ी संख्या में जैन धर्मालंबी उपस्थित रहे। आयोजन के संपादन के लिए विशेष रूप से आमंत्रित विद्वान पंडित विपिन शास्त्री (नागपुर), अनिल धवल (भोपाल), पंडित राजेंद्र जैन, डॉ. मनोज जैन, ब्र. श्रेणिक जैन सहित स्थानीय विद्वानों का मार्गदर्शन एवं मंगल सानिध्य प्राप्त होगा । श्री वीतराग विज्ञान मंडल के अध्यक्ष अशोक जैन, संजय जैन, सुशील जैन, अनुभव जैन तथा जैन युवा फेडरेशन के अध्यक्ष अभिषेक जैन, अखिलेश जैन, संदीप जैन, प्रशांत जैन, विशाल जैन, हितेश जैन सहित अन्य पदाधिकारियों ने संस्कारधानी के सभी जैन स्वाध्यायियों एवं धर्मानुरागी श्रद्धालुओं से इस अभूतपूर्व आध्यात्मिक अवसर का अधिक से अधिक लाभ लेने का आग्रह किया है।

पदभार

जनरल अफसर कमांडिंग का ग्रहण किया कार्यभार

लेफ्टिनेंट जनरल हरबिंदर सिंह बने मध्य भारत एरिया के नए जीओसी

नवभारत,जबलपुर। भारतीय सेना के प्रतिष्ठित मुख्यालय मध्य भारत एरिया में सैन्य परम्परा के अनुरूप मध्य भारत एरिया का औपचारिक हस्तांतरण समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान लेफ्टिनेंट जनरल हरबिंदर सिंह वांद्रा ने निवर्तमान जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल पीएस शेखावत से मध्य भारत एरिया का दायित्व एवं नवनियुक्त जनरल अफसर कमांडिंग का कार्यभार ग्रहण किया।

विदित हो कि मध्य भारत एरिया भारतीय सेना की रणनीतिक और सामरिक दृष्टिकोण से सबसे महत्वपूर्ण एरिया में से एक है। मध्य भारत एरिया के जनरल ऑफि सर कमांडिंग की कमान संभालने पर उन्होंने आश्वस्त किया कि

ऑपरेशनल तत्परता, प्रशिक्षण की गुणवत्ता ,सैनिकों एवं उनके परिवारों का कल्याण और प्रशासनिक दक्षता उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताएं रहेंगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी पदों के सहयोग और समर्पण से मध्य भारत एरिया भविष्य में भी उत्कृष्टता के नए मानदंड स्थापित करेगा। उन्होंने सभी पदों से उच्चतम पेशेवर मानकों अनुशासन और टीम भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

कुछ इस तरह रहा है इतिहास

जानकारी के अनुसार लेफ्टिनेंट जनरल वांद्रा भारतीय सेना की राष्ट्रीय रक्षा अकादमी खड़गवासला और भारतीय सैन्य अकादमीए देहरादून के पूर्व छात्र रहे हैं। 9 जून 1990 को उन्हें सिग्नल कोर में सैन्य अधिकारी के रूप में कमीशन मिला था। उन्होंने डिफेंस सर्विसेज़ स्टाफ कॉलेज ,सीनियर कमांड और हायर कमांड कोर्स जैसे कई महत्वपूर्ण कोर्स किए हैं। जनरल ऑफिसर के पास विभिन्न हाई प्रोफाइल कमांड स्टॉफ और अनुदेशात्मक नियुक्तियों का व्यापक अनुभव है। अपने सैन्य कार्यकाल के दौरान इन्होने एक सिग्नल रेजिमेंटए एक इन्फेंट्री ब्रिगेड और जीओसी के रूप में एक इन्फेंट्री डिवीज़न की कमान संभाली। वे भारतीय सैन्य अकादमी देहरादून और एमसीटीई महू में प्रशिक्षक के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वे नामीबिया में मिलिट्री एडवाइजर, हेडक्वार्टर पश्चिमी कमान, चंडीमंदिर में ब्रिगेडियर जनरल स्टॉफ और मेजर जनरल जनरल स्टाफ ऑपरेशन और हेडक्वार्टर दक्षिण पश्चिमी कमान, जयपुर में चीफ ऑफ़ स्टाफ जैसे उच्च एवं महत्वपूर्ण पदों पर पदस्थ रहें हैं। जनरल ऑफिसर को भारतीय सेना में उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सेना मेडल और अति विशिष्ट सेवा मेडल ;से सम्मानित भी किया गया है।

हैप्पी क्लब के कार्यक्रम में दिखी बॉलीवुड की झलक

नवभारत,जबलपुर। हैप्पी क्लब द्वारा हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वर्ष 2026 का क्लब का पहला आयोजन था। इस कार्यक्रम की थीम 'बॉलीवुड कार्निवल' रखी गई थी, जिसमें जबलपुर की महिलाओं ने बॉलीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्रियों के रूप में साज-सज्जा कर भाग लिया। कार्यक्रम में कोई रेखा, कोई माधुरी दीक्षित तो कोई श्रीदेवी की झलक प्रस्तुत करती नजर आई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, जबलपुर की फर्स्ट लेडी यामिनी अन्नू सिंह, डॉ. दीपक असरानी एवं मुस्कान असरानी, प्रियंका पोद्दार तथा पल्लवी दत्ता उपस्थित रहीं। सभी अतिथियों ने इस उत्सव में बढ़-चढ़कर सहयोग किया। क्लब की अध्यक्ष रजनी वर्मा ने बताया कि क्लब की सदस्यों—सारिका, रितु, अंकिता, तरण, पिंकी, रंजना, पूजा, मीनाक्षी, कुनिका, सोनू, मंकरणा, रोशनी, गीत, डिंपी, लीना आदिकी मेहनत और समर्पण के कारण यह कार्यक्रम भी हर वर्ष की भांति अत्यंत सफल रहा।